# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०१/२०२४ - CEN RPF - 01/2024

| | |
|---|---|
| Community | EWS |
| Test Center Name | iON Digital Zone iDZ Teenpani |
| Test Date | 13/12/2024 |
| Test Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | Recruitment of Sub Inspector Executive in Railway Protection Force and Railway Protection Special Force |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** 850 gm शहद के विलयन में 40% शहद है। विलयन में इसे 50% बनाने के लिए कितना शहद मिलाना चाहिए?

**Ans**
✗ 1. 212 gm
✗ 2. 141 gm
✓ 3. 170 gm
✗ 4. 90 gm

**Q.2** सेल के दौरान, राघव ने ₹100 अंकित मूल्य की एक नोटबुक को 49% छूट पर और ₹105 अंकित मूल्य की एक पेन को 40% की छूट पर खरीदा। सेल के कारण उसने कितनी बचत (₹ में) की?

**Ans**
✗ 1. 90
✗ 2. 94
✓ 3. 91
✗ 4. 92

**Q.3** रघु अपनी यात्रा 15 घंटे में पूरी करता है। वह आधी दूरी 28 km/h की चाल से और शेष दूरी 32 km/h की चाल से तय करता है। संपूर्ण यात्रा की कुल दूरी (Km में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 451
✓ 2. 448
✗ 3. 452
✗ 4. 443

**Q.4** भानु, नाव से 200 km की दूरी धारा की विपरीत दिशा में 48 घंटे में तय करता है और धारा की दिशा में 30 घंटे में तय करता है, तो धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ 1. 1.25 km/h
✗ 2. 4.16 km/h
✗ 3. 3.95 km/h
✗ 4. 3.12 km/h

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.5 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(27 \div 9) \times \left\{\frac{80}{8} + \frac{16}{2} \times (5-3)\right\}\right]$$

Ans
1. 81
2. 63
3. 82
4. 78

Q.6 एक कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 190000 है तथा जो प्रतिवर्ष 25% की दर से बढ़ रही है, 3 वर्ष पूर्व तथा 2 वर्ष पूर्व की जनसंख्या में अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 23770
2. 23570
3. 24670
4. 24320

Q.7 एक अर्धगोलाकार कटोरे का आयतन $19{,}404\ cm^3$ है। इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
1. 4158
2. 1386
3. 2772
4. 7272

Q.8 एक दुकानदार एक वस्तु पर ₹x अंकित करता है और उस पर 20% की छूट प्रदान करता है। वह छूट वाले मूल्य पर 25% वैट लगाने के बाद उसे ₹351 में बेचता है। ₹x का मान कितना है?

Ans
1. ₹300
2. ₹500
3. ₹351
4. ₹600

Q.9 वह एक अंक की सबसे छोटी संख्या बताइए, जिसे 6 अंकों की संख्या 623058 में जोड़ने पर संख्या 11 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans
1. 8
2. 4
3. 6
4. 1

Q.10 दो संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 150 और 5 है। यदि उनमें से एक संख्या 30 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 23
2. 25
3. 24
4. 27

Q.11 वह एक अंक की सबसे छोटी संख्या बताइए, जिसे 6 अंकों की संख्या 726490 में जोड़ने पर संख्या 11 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans
1. 5
2. 4
3. 3
4. 8

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.12 फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹ 16005 है। यदि उनके मूल्यों का अनुपात 3:5:7 है, तो सबसे महंगी वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 5335 ✗
2. 3201 ✗
3. 7469 ✗
4. 22407 ✓

Q.13 एक स्कूल में खेलों में भाग लेने वाली लड़कियों एवं लड़कों की संख्या का अनुपात 1 : 5 है। यदि लड़कियों की संख्या 243 है, तो खेलों में भाग लेने वाले लड़कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1245 ✗
2. 1215 ✓
3. 1235 ✗
4. 1190 ✗

Q.14 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(60 \div 6) \times \left\{\frac{16}{2} + \frac{15}{3} \times (6 - 3)\right\}\right]$$

Ans
1. 230 ✓
2. 221 ✗
3. 224 ✗
4. 242 ✗

Q.15 एक मूलधन, जब प्रति वर्ष 20% साधारण ब्याज पर निवेश किया जाता है, तो 3 वर्षों के बाद उसका मिश्रधन ₹2160 हो जाता है। 1 वर्ष में समान दर पर समान मूलधन पर साधारण ब्याज (₹ में) कितना है?

Ans
1. 1080 ✗
2. 135 ✗
3. 270 ✓
4. 540 ✗

Q.16 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(72 \div 3) \times \left\{\frac{88}{4} + \frac{19}{1} \times (8 - 7)\right\}\right]$$

Ans
1. 998 ✗
2. 987 ✗
3. 991 ✗
4. 984 ✓

Q.17 निम्नलिखित समीकरण में दोनों प्रश्न-चिह्नों के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

$$\frac{?}{12} = \frac{363}{?}$$

Ans
1. 75 ✗
2. 66 ✓
3. 56 ✗
4. 69 ✗

Q.18 7 संख्याओं का औसत 57 है। यदि प्रत्येक संख्या में 5 की वृद्धि की जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans
1. 67 ✗
2. 7 ✗
3. 57 ✗
4. 62 ✓

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.19 एक वर्गाकार भूखंड का क्षेत्रफल 32041 $m^2$ है। भूखंड की प्रत्येक भुजा की लंबाई (m में) कितनी है?

Ans
- ✔ 1. 179
- ✘ 2. 199
- ✘ 3. 157
- ✘ 4. 177

Q.20 एक गाँव की जनसंख्या 140000 थी। पहले वर्ष में इसमें 15% की वृद्धि हुई और दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद इसकी जनसंख्या ______ है।

Ans
- ✔ 1. 193200
- ✘ 2. 189000
- ✘ 3. 161000
- ✘ 4. 168000

Q.21 एक व्यक्ति ने 6.5 घंटे तक 71 kmph की चाल से गाड़ी चलाई, फिर अपनी चाल को 15 kmph से बढ़ा दी, और ठीक अगले घंटे हीं गंतव्य तक पहुँच गया। पूरी यात्रा के दौरान उस व्यक्ति की औसत चाल (kmph में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 69
- ✘ 2. 70
- ✘ 3. 75
- ✔ 4. 73

Q.22 वर्ष के प्रथम तीन महीनों में मानव की प्रति माह औसत आय ₹24328 थी। अप्रैल में उसकी आय, प्रथम तीन महीनों की औसत आय से 50% अधिक थी। यदि पूरे वर्ष के लिए उसकी प्रति माह औसत आय ₹76867 है, तो मई से दिसंबर तक मानव की प्रति माह औसत आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
- ✔ 1. 101616
- ✘ 2. 101614
- ✘ 3. 101621
- ✘ 4. 101619

Q.23 एक डिब्बे में, एक दर्जन सेबों का औसत वजन 750 g है। यदि 600 g वजन वाले 5 सेब इसमें रख दिए जाएं, तो नया औसत वजन कितना होगा? (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित)

Ans
- ✔ 1. 705.8 g
- ✘ 2. 705.325 g
- ✘ 3. 750.8 g
- ✘ 4. 750.35 g

Q.24 पेट्रोल के मूल्य में (प्रति लीटर) 80% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी कर दी जाए कि इस पर होने वाले व्यय में केवल 35% की वृद्धि हो?

Ans
- ✘ 1. 72%
- ✔ 2. 75%
- ✘ 3. 74%
- ✘ 4. 70%

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.25 यदि $y^3 - 1$ का व्युत्क्रमानुपाती x है तथा y = 3 रखने पर x का मान 5 है, तो y = 7 रखने पर x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. $\frac{65}{171}$
✗ 2. $\frac{66}{172}$
✗ 3. $\frac{67}{171}$
✗ 4. $\frac{65}{172}$

Q.26 एक बेईमान विक्रेता का दावा है कि वह सामानों को उनके क्रय मूल्य पर बेच रहा है। लेकिन वह 1000 ग्राम की जगह 725 ग्राम वजन तौल रहा है। उसका लाभ प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) क्या है?

Ans
✗ 1. 40.58
✔ 2. 37.93
✗ 3. 39.3
✗ 4. 38.02

Q.27 एक ठोस घनाभ के तीन आसन्न फलकों का क्षेत्रफल 27 $cm^2$, 232 $cm^2$ और 174 $cm^2$ है। घनाभ का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 1115
✗ 2. 1059
✗ 3. 918
✔ 4. 1044

Q.28 वह सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात करें जो 9, 6, 72 और 76 से विभाज्य है।

Ans
✗ 1. 1359
✗ 2. 1338
✗ 3. 1327
✔ 4. 1368

Q.29 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(15 \times 4) \times \left\{6 \div 6 \times \frac{(15 - 11)}{2}\right\}\right]$$

Ans
✗ 1. 126
✗ 2. 101
✗ 3. 136
✔ 4. 120

Q.30 एक व्यक्ति ने 6.5 घंटे तक 55 kmph की चाल से गाड़ी चलाई, फिर अपनी चाल को 15 kmph से बढ़ा दी, और ठीक अगले एक घंटे में गंतव्य तक पहुँच गया। पूरी यात्रा के दौरान उस व्यक्ति की औसत चाल (kmph में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 60
✔ 2. 57
✗ 3. 53
✗ 4. 59

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.31 एक दुकानदार, किसी पंखे पर उसके क्रय मूल्य से 20% अधिक मूल्य अंकित करता है और उस पर 10% की छूट देता है। यदि वह ₹135 का लाभ अर्जित करता है, तो पंखे का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 2242
- ✓ 2. 2025
- ✗ 3. 1929
- ✗ 4. 2067

Q.32 निम्नलिखित का मान क्या है?


$$\frac{1}{5}+\frac{2}{5}+\frac{4}{10}+\frac{4}{5}-1=$$

Ans
- ✗ 1. $\frac{12}{10}$
- ✓ 2. $\frac{8}{10}$
- ✗ 3. $-\frac{2}{10}$
- ✗ 4. $\frac{17}{10}$

Q.33 यदि एक लंब वृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या में 12% की कमी की जाती है और इसकी ऊंचाई में 175% की वृद्धि की जाती है, तो उसके आयतन में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी?

Ans
- ✓ 1. 1.13
- ✗ 2. 0.92
- ✗ 3. 0.91
- ✗ 4. 1.22

Q.34 दिया गया पाई-चार्ट चार तिमाहियों में एक कंपनी की बिक्री का डेटा (प्रतिशत में) दर्शाता है।
दिए गए पाई-चार्ट का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।




Sales = बिक्री
1st Qtr = पहली तिमाही
2nd Qtr = दूसरी तिमाही
3rd Qtr = तीसरी तिमाही
4th Qtr = चौथी तिमाही

यदि एक वर्ष में कुल उत्पादन 4200 इकाई है, तो दूसरी और चौथी तिमाही में बिक्री का अंतर (इकाई में) क्या है?

Ans
- ✓ 1. 210
- ✗ 2. 180
- ✗ 3. 200
- ✗ 4. 190

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.35** साक्षी ने वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित, 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज पर ₹8400 की धनराशि का निवेश किया। यदि उसे n वर्षों के बाद ₹9261 की धनराशि प्राप्त हुई हो, तो n का मान ज्ञात करें।

**Ans**
- ✗ 1. 3
- ✓ 2. 2
- ✗ 3. 2.59999990463257
- ✗ 4. 1

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.36** A, B की माता है। G, B के पिता C की बहन है। K, G का पुत्र है। A का K से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✗ 1. माता के पिता
- ✓ 2. माता के भाई की पत्नी
- ✗ 3. माता के भाई का पुत्र
- ✗ 4. माता के भाई की पुत्री

**Q.37** किसी निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B का पति है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।
यदि 'P x Q ÷ R – S + T' है, तो उपरोक्त जानकारी के आधार पर, P का T से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✗ 1. बहन का पति
- ✓ 2. पुत्री का पति
- ✗ 3. माता का भाई
- ✗ 4. पिता का भाई

**Q.38** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

GEB IGD KIF MKH ?


**Ans**
- ✓ 1. OMJ
- ✗ 2. ONI
- ✗ 3. OMI
- ✗ 4. ONJ

**Q.39** NFLQ अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर RCPN से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी तरह, VZTK, ZWXH से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से DTBE किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✗ 1. IPDB
- ✗ 2. GPEC
- ✗ 3. IRGA
- ✓ 4. HQFB

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.40** जब दर्पण को नीचे दिखाए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✓ 3. 

✗ 4. 

---

**Q.41** यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 569 458 547 438 591 (दाएं)
(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।
यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ दिया जाए तो परिणाम ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. 2

✗ 2. 5

✓ 3. 4

✗ 4. 3

Prepp Your Personal Exam Guide

---

**Q.42** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन है। P और T की परीक्षाओं के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। S की परीक्षा मंगलवार को है। P की परीक्षा, Q की परीक्षा से ठीक पहले वाले दिन है। V की परीक्षा, U की परीक्षा से ठीक पहले वाले दिन है और R की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है। T की परीक्षा सोमवार को है।
R की परीक्षा के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

**Ans**

✓ 1. दो

✗ 2. एक

✗ 3. तीन

✗ 4. एक भी नहीं

---

**Q.43** प्रणय बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 6 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**

✗ 1. 6 km, दक्षिण में

✗ 2. 7 km, उत्तर में

✓ 3. 7 km, दक्षिण में

✗ 4. 6 km, उत्तर में

Q.44 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करने पर :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान होगा?

# : EHM :: ORW : %

Ans
1. # = POL, % = MLO
2. # = MKO, % = MMJ
3. # = GJO, % = MPU
4. # = LKY, % = MMJ

Q.45 निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है, जो उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थानों पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. GZXS
2. VOMH
3. TMKE
4. DWUP

Q.46 निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी प्रकार समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह कौन सा अक्षर-समूह युग्म है, जो उस समूह से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. YW - SQ
2. PN - JH
3. TR - NL
4. KJ - FE

Q.47 यदि संख्या 1457326 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े अंक तथा सबसे छोटे अंक के बीच अंतर कितना होगा?

Ans
1. 7
2. 6
3. 9
4. 8


Q.48 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

14 27 53 92 144 ?


Ans
1. 205
2. 209
3. 204
4. 208


Prepp Your Personal Exam Guide


Q.49 दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जिसे प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




Ans

1. 


2. 

3. 


4. 


Prepp Your Personal Exam Guide


Q.50 नीचे दी गई 3 आकृतियाँ एक निश्चित तरीके से समान हैं क्योंकि वे कुछ विशेषता/विशेषताएँ साझा करती है/हैं। उस विकल्प का चयन कीजिए जो दी गई आकृतियों के समान विशेषताएँ साझा करता हो।




Ans

✗ 1.


✓ 2.


✗ 3.


✗ 4.


Q.51 G, H, I, J, K और L प्रत्येक की ऊँचाई अलग-अलग है। केवल दो व्यक्ति K से लंबे हैं। केवल J, G से लंबा है। केवल I, L से छोटा है। चौथा सबसे लंबा व्यक्ति कौन है?

Ans
✓ 1. H
✗ 2. K
✗ 3. L
✗ 4. G

Q.52 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

RWK : TUL
VSM : XQN

Ans
✗ 1. TUH : QWK
✗ 2. CZP : FBQ
✗ 3. ONT : RKV
✓ 4. ZOO : BMP

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.53 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
सभी शेर, टाइगर हैं।
सभी टाइगर, पैंथर हैं।
सभी पैंथर, बिल्लियाँ हैं।
निष्कर्ष:
(I): सभी शेर, पैंथर हैं।
(II): सभी टाइगर, बिल्लियाँ हैं।

Ans
✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✓ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.54 राज अपनी कक्षा में ऊपर से 29वें और नीचे से 37वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✗ 1. 67
✗ 2. 64
✓ 3. 65
✗ 4. 66

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार विकल्पों में से तीन विकल्प एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा विकल्प, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans
✓ 1. VPZ
✗ 2. HCM
✗ 3. PKU
✗ 4. MHR

Q.56 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
(बाएं) 7 F & C Q 7 % & # A 7 9 Q 8 * 1 5 Q V © M % (दाएं)
यदि शृंखला से सभी अक्षरों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से छठे स्थान पर होगा?

Ans
✗ 1. 7
✗ 2. 8
✓ 3. #
✗ 4. &

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में, 'PINK' को '2319' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PICK' को '5129' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
✗ 1. 9
✓ 2. 5
✗ 3. 1
✗ 4. 2

Q.58 P, Q, R, S, T, U और W एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R, Q के ठीक दाईं ओर बैठा है। R के बाईं ओर से गिने जाने पर R और U के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q और T के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। W, S के ठीक दाईं ओर बैठा है। S के बाईं ओर से गिने जाने पर R और S के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. दो
✗ 2. एक
✓ 3. तीन
✗ 4. चार

Q.59 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'MIND' को '3879' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'NEAR' को '4351' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'N' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 7
2. 3 ✔
3. 4
4. 5

Q.60 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

CBE GFI KJM ONQ ?

Ans
1. STV
2. SRU ✔
3. TRV
4. SRV

Q.61 P, Q, R, S, U, V और W, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
P के दाएं से गिनती करने पर P और S के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। S और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। U, W के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। V के बाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. U
2. Q
3. W ✔
4. P

Q.62 शब्द IAPETIC में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार दिखाई देंगे?

Ans
1. 3
2. 0
3. 2 ✔
4. 1

Q.63 यदि संख्या 2934867 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
1. एक
2. तीन
3. दो
4. एक भी नहीं ✔

Q.64 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'BREAKING' को '268' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'AVIATION' को '364' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'CAMPAIGN' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 252
2. 256 ✔
3. 260
4. 246

Q.65 अमर बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 14 km तक ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 15 km तक ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 19 km तक ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 18 km तक ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 5 km तक ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° मोड़ हैं।)

Ans
1. 3 km उत्तर की ओर ✔
2. 1 km उत्तर की ओर
3. 2 km उत्तर की ओर
4. 4 km उत्तर की ओर

Q.66 96 व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। यून दाएं छोर से 71वें स्थान पर है, जबकि फैंग बाएं छोर से 36वें स्थान पर है। यून और फैंग के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

Ans
✔ 1. 9
✘ 2. 8
✘ 3. 7
✘ 4. 6

Q.67 संख्या 7316485 में प्रत्येक अंक बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति/स्थितियाँ अपरिवर्तित रहेगी/रहेंगी?

Ans
✘ 1. दो
✘ 2. एक भी नहीं
✘ 3. तीन
✔ 4. एक

Q.68 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाईं ओर से दाईं ओर की जानी चाहिए।

(बाएं) * £ B K Ω G C D A @ U $ & T Y # E S % Q & R (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर तथा ठीक बाद में भी एक अक्षर है?

Ans
✘ 1. 4
✔ 2. 5
✘ 3. 6
✘ 4. 7

Q.69 संख्याओं के दो समुच्चय नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरे संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की जाती है और इसी प्रकार आगे भी। दिए गए विकल्पों में से किसमें, संक्रियाओं का वही सेट है, जैसा नीचे दिए गए समुच्चयों में है?
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
48 - 96 - 86 - 98
14 - 28 - 18 - 30

Ans
✘ 1. 17 - 119 - 102 - 106
✘ 2. 42 - 126 - 116 - 117
✘ 3. 17 - 68 - 55 - 56
✔ 4. 24 - 48 - 38 - 50

Q.70 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे की संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से किसमें, संक्रियाओं का वही सेट है, जैसा नीचे दिए गए समुच्चयों में है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रिया जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रिया करना अनुमत नहीं है।)
48 - 70 - 92 - 114
53 - 75 - 97 - 119

Ans
✔ 1. 39 - 61 - 83 - 105
✘ 2. 59 - 81 - 93 - 125
✘ 3. 21 - 43 - 55 - 77
✘ 4. 64 - 86 - 98 - 110

Section : **General Awareness**

Q.71 किसी संघीय देश में, संघीय मामलों से संबंधित विवादों का समाधान किसके द्वारा किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. संघ सरकार द्वारा
- ✗ 2. निचले न्यायालय द्वारा
- ✗ 3. उच्च न्यायालय द्वारा
- ✓ 4. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा

Q.72 निम्नलिखित में से किस मामले ने निजता के अधिकार को भारत के संविधान में मौलिक अधिकार के रूप में स्थापित किया?

Ans
- ✓ 1. न्यायमूर्ति केएस पुट्टास्वामी (सेवानिवृत्त) बनाम भारत संघ
- ✗ 2. मिनर्वा मिल्स लिमिटेड बनाम भारत संघ
- ✗ 3. गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
- ✗ 4. एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ

Q.73 23 युग्म गुणसूत्रों (मानव) पर मौजूद प्रोटीन कोडिंग जीन (protein coding genes) की अनुमानित संख्या ________ होती है।

Ans
- ✗ 1. 30,000 से 35,000
- ✗ 2. 40,000 से 45,000
- ✓ 3. 20,000 से 25,000
- ✗ 4. 10,000 से 15,000

Q.74 भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, लोगों को भारत के संपूर्ण राज्य क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से घूमने का अधिकार सुनिश्चित करता है।

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद (19)(1)(c)
- ✗ 2. अनुच्छेद 19(1)(a)
- ✗ 3. अनुच्छेद 19(1)(b)
- ✓ 4. अनुच्छेद (19)(1)(d)

Q.75 निम्नलिखित में से किस राज्य में अद्वितीय 'चिल्ला-ए-कलां' (chillai-kalan) शीत ऋतु का अनुभव होता है?

Ans
- ✗ 1. असम
- ✗ 2. तमिलनाडु
- ✓ 3. कश्मीर
- ✗ 4. केरल

Q.76 सितंबर 2024 में, रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान (NIMAS) की एक टीम ने अरुणाचल प्रदेश में एक अनाम और अज्ञात चोटी पर चढ़ाई की और इसका नाम 6वें दलाई लामा, त्सांगयांग ग्यात्सो (Tsangyang Gyatso) के नाम पर रखा। इस अभियान का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया गया था?

Ans
- ✗ 1. मेजर एस.एस. शेखावत
- ✗ 2. कर्नल नरेंद्र कुमार
- ✗ 3. कर्नल अशोक अभय
- ✓ 4. कर्नल रणवीर सिंह जामवाल

Q.77 दिल्ली सल्तनत में सुल्तान इल्तुतमिश का उत्तराधिकारी निम्नलिखित में से कौन था?

Ans
- ✗ 1. फिरोज तुगलक
- ✗ 2. अल्पटेकिन
- ✗ 3. अलाउद्दीन खिलजी
- ✓ 4. रजिया

Q.78 भारत सरकार ने स्मार्ट सिटी मिशन की शुरुआत की:

Ans
- ✗ 1. 26-06-2014
- ✓ 2. 25-06-2015
- ✗ 3. 25-06-2016
- ✗ 4. 26-06-2017

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.79 अनुच्छेद ____ के उपबंधों के विषयाधीन, संघ के लिए एक लोक सेवा आयोग और प्रत्येक राज्य के लिए एक लोक सेवा आयोग होगा।

Ans
1. 318
2. 317
3. 316
4. 315 ✔

Q.80 खिलाफ़त आंदोलन निम्नलिखित में से किसके विरोध में शुरू किया गया था?

Ans
1. जलियांवाला बाग हत्याकांड
2. ओटोमन साम्राज्य का विघटन ✔
3. रौलट एक्ट
4. बंगाल का विभाजन

Q.81 बंगाल के किस समाज सुधारक ने दृढता से विधवा पुनर्विवाह और बालिका शिक्षा के लिए लड़ाई लड़ी?

Ans
1. बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय
2. देबेंद्रनाथ टैगोर
3. ईश्वरचंद्र विद्यासागर ✔
4. नबीनचंद्र सेन

Q.82 भारत में, निम्नलिखित में से मुख्यत: किस प्रकार की खेती 75 cm से कम वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों तक ही सीमित है?

Ans
1. रोपण कृषि (Plantation Agriculture)
2. शुष्कभूमि कृषि (Dryland Farming) ✔
3. आर्द्र कृषि (Moist Farming)
4. आर्द्रभूमि कृषि (Wetland Farming)

Q.83 निम्नलिखित में से किसने 2023 में 'आरोग्य मंथन' कार्यक्रम की मेजबानी की?

Ans
1. प्रगति मैदान, नई दिल्ली
2. विज्ञान भवन, नई दिल्ली ✔
3. ताज होटल, मुंबई
4. भारत मंडपम, नई दिल्ली

Q.84 विद्युत आवेश की एस. आई. (SI) इकाई क्या है?

Ans
1. ओम
2. हर्ट्ज़
3. एम्पियर
4. कूलॉम ✔

Q.85 निम्नलिखित में से किसे घ्राण सूचक का उदाहरण माना जा सकता है?

Ans
1. हल्दी
2. मेथिल ऑरेंज
3. प्याज ✔
4. चाइना रोज

Q.86 भारतीय संविधान का कौन सा उपबंध न्यायपालिका की स्वतंत्रता की गारंटी देता है?

Ans
1. मौलिक अधिकार
2. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत
3. न्यायिक पुनर्विलोकन ✔
4. उद्देशिका

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.87 निम्नलिखित शासकों को उनकी उपाधियों के साथ सही मिलान कीजिए।

| सेट-I | सेट-II |
|---|---|
| a. तारीख़-ए-सिंध | 1. निज़ामुद्दीन बख्शी |
| b. तारीख़-ए-कश्मीर | 2. आरिफ कंधारी |
| c. तबकात-ए-अकबरी | 3. मिर्ज़ा मासूम |
| d. तारीख़-ए-अकबरी | 4. मिर्जा हैदर |

Ans
✔ 1. a - 3; b - 4; c - 1; d - 2
✘ 2. a - 4; b - 3; c - 2; d - 1
✘ 3. a - 2; b - 3; c - 4; d - 1
✘ 4. a -3; b - 4; c - 2; d - 1

Q.88 अंगकोर वाट मंदिर (Angkor Vat temple), जो भगवान विष्णु को समर्पित है, 12वीं शताब्दी में कंबुजा (कंबोडिया) के राजा __________ द्वारा बनाया गया था।

Ans
✔ 1. सूर्य वर्मन द्वितीय
✘ 2. जयवर्मन द्वितीय
✘ 3. यशोवर्मन प्रथम
✘ 4. इंद्रवर्मन प्रथम

Q.89 सतीश धवन अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र में स्थित भारत के उस प्रथम निजी लॉन्चपैड और मिशन नियंत्रण केंद्र का नाम क्या है, जहां से मई 2024 में 'अग्निबाण - सोर्टेड' ('Agnibaan – SorTeD') लॉन्च किया गया था?

Ans
✘ 1. धनुष
✘ 2. धरा
✔ 3. अग्निकुल
✘ 4. अग्निस्थल

Q.90 भारतीय वायु सेना (IAF) के शस्त्रागार में विमानों और हेलीकॉप्टरों के युद्धाभ्यास को प्रदर्शित करने वाले एक वार्षिक शो, एयर फेस्ट 2022, का आयोजन 2022 में निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुआ था?

Ans
✘ 1. जोधपुर
✘ 2. पुणे
✘ 3. पटियाला
✔ 4. नागपुर

Q.91 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य में महिलाओं के बीच साक्षरता दर सर्वाधिक है?

Ans
✘ 1. गोवा
✘ 2. हिमाचल प्रदेश
✔ 3. केरल
✘ 4. मिजोरम

Q.92 निम्नलिखित में से कौन-सा, शास्त्रीय हिंदुस्तानी संगीत का घराना नहीं है?

Ans
✘ 1. आगरा घराना (Agra Gharana)
✘ 2. किराना घराना (Kirana Gharana)
✔ 3. तंजावुर घराना (Thanjavur Gharana)
✘ 4. ग्वालियर घराना (Gwalior Gharana)

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.93 अन्य देशों के साथ भारत के संयुक्त सैन्य अभ्यास के संबंध में गलत विकल्प का चयन कीजिए।

Ans
✗ 1. यूएसए - टाइगर ट्रायम्फ (USA - Tiger Triumph)
✗ 2. उज़्बेकिस्तान - डस्टलिक (Uzbekistan - Dustlik)
✗ 3. यूके - अजेय वारियर (UK - Ajeya Warrior)
✓ 4. यूएई - धर्म गार्जियन (UAE - Dharma Guardian)

Q.94 'हेड काउंट रेशियो' (Head Count Ratio) की सही परिभाषा क्या है?

Ans
✓ 1. गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली जनसंख्या का अनुपात
✗ 2. गरीबी रेखा से नीचे रह रहे लोगों की संख्या
✗ 3. देश के सबसे गरीब लोगों का अनुपात
✗ 4. अर्थव्यवस्था में सीमांत गरीबों का अनुपात

Q.95 एक भारतीय महिला समाज सुधारक, ______________ को 1910 में 'भारत स्त्री मंडल' (Bharat Stree Mandal) की स्थापना का श्रेय दिया जाता है।

Ans
✗ 1. सरोजिनी नायडू
✗ 2. उषा मेहता
✗ 3. सावित्री बाई फुले
✓ 4. सरलाबाला देवी चौधरानी

Q.96 भारतीय संविधान के किस भाग के अंतर्गत मौलिक कर्तव्य रखे गए हैं?

Ans
✗ 1. भाग I
✗ 2. भाग IV
✗ 3. भाग III
✓ 4. भाग IVA

Q.97 उस रक्त विकार का नाम बताइए जो हीमोग्लोबिन के उत्पादन को कम कर देता है।

Ans
✗ 1. रक्तवर्णकता (Hemochromatosis)
✗ 2. मज्जार्बुद (Myeloma)
✗ 3. पॉलीसिथिमिया वेरा (Polycythemia Vera)
✓ 4. थैलेसीमिया (Thalassemia)

Q.98 विनिवेश क्या है?

Ans
✓ 1. किसी सार्वजनिक क्षेत्रक के उपक्रमों द्वारा जनसामान्य को इक्विटी की बिक्री के माध्यम से उनका निजीकरण करना विनिवेश के रूप में जाना जाता है।
✗ 2. किसी सार्वजनिक क्षेत्रक के उपक्रमों द्वारा जनसामान्य को इक्विटी की बिक्री के माध्यम से उनका वैश्वीकरण करना विनिवेश के रूप में जाना जाता है।
✗ 3. किसी सार्वजनिक क्षेत्रक के उपक्रमों द्वारा जनसामान्य को इक्विटी की बिक्री के माध्यम से निजी क्षेत्र के उपक्रमों का उदारीकरण करना विनिवेश के रूप में जाना जाता है।
✗ 4. किसी सार्वजनिक क्षेत्रक के उपक्रमों द्वारा जनसामान्य को इक्विटी की बिक्री के माध्यम से उनका उदारीकरण करना विनिवेश के रूप में जाना जाता है।

Q.99 37वें नेशनल गेम्स 2023 के दौरान कितने खेल (sporting disciplines) आयोजित किए गए?

Ans
✗ 1. 55
✗ 2. 23
✓ 3. 43
✗ 4. 30

Q.100 मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) रेपो दर का उपयोग किस प्रकार करता है?

Ans
✓ 1. बैंकों के लिए उधारी (borrowing) अधिक महंगा बनाने के लिए रेपो दर में वृद्धि करके
✗ 2. उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहित करने के लिए रेपो दर को कम करके
✗ 3. अर्थव्यवस्था में धन की आपूर्ति बढ़ाकर
✗ 4. लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ऋण पर सब्सिडी देकर

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.101 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह प्रावधान किया गया है कि 'संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों का यह कर्तव्य होगा कि वे क्रमशः संघ की सेवाओं और राज्य की सेवाओं में नियुक्तियों के लिए परीक्षाएं आयोजित करें'?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 322
✓ 2. अनुच्छेद 320
✗ 3. अनुच्छेद 319
✗ 4. अनुच्छेद 318

Q.102 किस आर्थिक प्रणाली में उत्पादन की शक्तियों/साधनों पर विशेष सार्वजनिक स्वामित्व होता है?

Ans
✗ 1. मिश्रित अर्थव्यवस्था
✓ 2. समाजवाद
✗ 3. सर्वसत्तावाद
✗ 4. पूंजीवाद

Q.103 भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, 2001-2011 के दौरान भारत में महिला साक्षरता में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

Ans
✗ 1. 5%
✓ 2. 22%
✗ 3. 9%
✗ 4. 14%

Q.104 भारत के केरल राज्य के कोच्चि शहर में बोलगट्टी पैलेस, ____________ स्थापत्य शैली में बनाया गया था।

Ans
✗ 1. ब्रिटिश
✗ 2. फ्रांसीसी
✗ 3. पुर्तगाली
✓ 4. डच

Q.105 उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों में, व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण कौन-सा पेड़ पाया जाता है?

Ans
✗ 1. बलूत (Oak)
✓ 2. आबनूस (Ebony)
✗ 3. देवदार (Pine)
✗ 4. सागवान (Teak)

Q.106 अपवर्तनांक के संदर्भ में, निम्नलिखित में से सही कथन का चयन कीजिए।

Ans
✗ 1. किसी विशिष्ट माध्यम में प्रकाश की चाल और निर्वात में प्रकाश की गति के अनुपात को अपवर्तनांक कहा जाता है।
✗ 2. अपवर्तनांक, आपतन कोण और अपवर्तन कोण का योग होता है।
✗ 3. अपवर्तनांक और परावर्तन समान ही परिघटना है।
✓ 4. निर्वात में प्रकाश की चाल और किसी विशिष्ट माध्यम में इसकी गति के अनुपात को अपवर्तनांक कहा जाता है।

Q.107 भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे पुराना भू-भाग है?

Ans
✓ 1. प्रायद्वीपीय पठार
✗ 2. सिंधु - गंगा का मैदान
✗ 3. भारतीय रेगिस्तान
✗ 4. भारतीय द्वीप

Q.108 निम्नलिखित में से किसे 1 जुलाई 2024 से भारतीय रिजर्व बैंक का नया कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया?

Ans
✓ 1. चारुलता एस कर
✗ 2. एससी मुर्मू
✗ 3. अविरल जैन
✗ 4. राजीव रंजन

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.109 प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans

❌ 1. किसी भी कारण से हुई दुर्घटना के लिए वाहन बीमा कवर प्रदान करने वाली एक बीमा योजना।

❌ 2. लड़कियों के लिए शिक्षा प्रदान करने वाली एक बीमा योजना।

✔ 3. किसी भी कारण से मृत्यु होने पर जीवन बीमा कवर प्रदान करने वाली बीमा योजना।

❌ 4. किसी भी कारण से होने वाली दुर्घटना के लिए गृह बीमा कवर प्रदान करने वाली एक बीमा योजना।

Q.110 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य बिहु संगीत के लिए जाना जाता है?

Ans

❌ 1. तमिलनाडु

❌ 2. पंजाब

✔ 3. असम

❌ 4. राजस्थान

Q.111 जहाँगीर की माता एक कछवाहा राजकुमारी (Kachhwaha princess) थी, जो __________ के राजपूत शासक की पुत्री थी।

Ans

❌ 1. मारवाड़ (Marwar)

❌ 2. मेवाड़ (Mewar)

❌ 3. बरार (Berar)

✔ 4. अंबेर (Amber)

Q.112 निम्नलिखित में से कौन-सा मुद्रा का कार्य नहीं है?

Ans

❌ 1. लेखा इकाई (Unit of account)

❌ 2. विनिमय माध्यम (Medium of exchange)

✔ 3. गरीबी उन्मूलन (Eradicate Poverty)

❌ 4. मूल्य का संचय (Store of Value)

Q.113 प्रशुल्क और व्यापार संबंधी सामान्य करार (GATT) के उत्तराधिकारी संगठन की स्थापना _______ में की गई थी।

Ans

❌ 1. 1948

❌ 2. 1981

✔ 3. 1995

❌ 4. 1991

Q.114 जुलाई 2024 में मेघालय के राज्यपाल नियुक्त किए गए सीएच विजयशंकर, _______ राज्य के पूर्व मंत्री थे।

Ans

❌ 1. राजस्थान

❌ 2. गुजरात

❌ 3. बिहार

✔ 4. कर्नाटक

Q.115 30 सितंबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, एशियाई विकास बैंक (ADB) के कुल कितने सदस्य हैं?

Ans

❌ 1. 31

✔ 2. 69

❌ 3. 19

❌ 4. 49

Q.116 दिसंबर 2023 में, हैदराबाद स्थित इंटरनेशनल एडवांस्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मेटलर्जी एंड न्यू मैटेरियल्स (ARCI) के वैज्ञानिकों ने पेरोवस्काइट (perovskite) में सीसे को किस धातु से प्रतिस्थापित करके एक पर्यावरण अनुकूल सौर सेल पदार्थ विकसित किया है?

Ans

❌ 1. गैलियम (Gallium)

❌ 2. सीरियम (Cerium)

❌ 3. लीथियम (Lithium)

✔ 4. मैग्नीशियम (Magnesium)

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.117 सितंबर 2023 में, केरल को निम्नलिखित में से किस वायरस से संक्रमित मामलों का पता लगाने के लिए टूनैट (TrueNat) परीक्षण आयोजित करने के लिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) द्वारा मान्यता प्राप्त हुई?

Ans
✗ 1. तिलापिया (Tilapia)
✓ 2. नीपा (Nipah)
✗ 3. चांदीपुरा (Chandipura)
✗ 4. ज़ीका (Zika)

Q.118 निम्नलिखित में से किसने 'गणेशाज़ स्वीट टूथ (Ganesha's Sweet Tooth)' लिखी है?

Ans
✓ 1. संजय पटेल और एमिली हेन्स (Emily Haynes)
✗ 2. किरण देसाई (Kiran Desai)
✗ 3. अलका जोशी (Alka Joshi)
✗ 4. अमिताव घोष (Amitav Ghosh)

Q.119 लम्बे वृक्षों की मोटी पत्तियों द्वारा निर्मित वर्षावन की दूसरी शीर्ष परत को ______कहा जाता है?

Ans
✗ 1. निर्गत परत (emergent layer)
✗ 2. वन तल (forest floor)
✗ 3. निम्नस्थ वन-वितान परत (understory layer)
✓ 4. वितानावरण परत (canopy layer)

Q.120 नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स जून 2024 में नासा के किस अन्य अंतरिक्ष यात्री के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंची?

Ans
✗ 1. क्रिस्टोफर विलियम्स (Christopher Williams)
✓ 2. बैरी विल्मोर (Barry Wilmore)
✗ 3. फ्रैंक रुबियो (Frank Rubio)
✗ 4. बॉब हाइन्स (Bob Hines)

2024/12/14-13:43:24

Prepp Your Personal Exam Guide